विधान परिषद के द्वितीय सत्र–2022 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित मा0 सदस्य, विधान परिषद, श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या–25 का उत्तरः–

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 25 (क) क्या उच्च शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश के कितने अशासकीय महाविद्यालयों से दिनांक 30 जून, 2020 को प्राचार्य सेवानिवृत्त हुये है तथा कितने महाविद्यालयों में प्राचार्यों को कार्यभार दिनांक 15 अक्टूबर, 2019 के शासनादेश में वर्णित यू0जी0सी0 के नये विनियमों के अन्तर्गत सौपी गयी है? | दिनांक 30.06.2020 को प्रदेश के 06 अशासकीय महाविद्यालयों से प्राचार्य सेवानिवृत्त हुए हैं, जिसमें बरेली मण्डल से 02 (01 महाविद्यालय अल्पसंख्यक है तथा 01 में वरिष्ठतम प्राध्यापक को प्रभार सौंपा गया है), झांसी मण्डल में रिक्त प्राचार्य के 01 पद पर नियमों के अनुपालन में प्रभारी प्राचार्य को दायित्व सौंपा गया। मेरठ मण्डल के 02 महाविद्यालयों में वरिष्ठता एवं योग्यता के कम में प्रभार सौंपा गया। लखनऊ मण्डल में रिक्त जयनारायण मिश्र डिग्री कालेज में दिनांक 05.02.2021 को रिक्त प्राचार्य पद पर महाविद्यालय में वरिष्ठतम शिक्षक को कार्यवाहक प्राचार्य का दायित्व सौंपा गया। |
| (ख) कितने महाविद्यालयों में कार्यवाहक प्राचार्यों की नियुक्ति में शासनादेश का अनुपालन नहीं किया गया है? | ऐसा कोई प्रकरण संज्ञान में नहीं है। |
| (ग) क्या ऐसे महाविद्यालयों के प्रबन्धतंत्रों पर जो शासनादेश का उल्लंघन कर रहे हैं, के विरूद्ध कार्यवाही करायेंगे? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) यदि हाँ, तो कब तक? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (ड़) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

योगेन्द्र उपाध्याय
मंत्री

R P UO119